**खबर संक्षेप**

### व्हाइट टाइगर सफारी डायरेक्टर के आवास पर पकड़ी गई बिजली चोरी

**मैहर।** मैहर जिले में बिजली कंपनी की विजिलेंस टीम ने शनिवार शाम बड़ी कार्रवाई करते हुए व्हाइट टाइगर सफारी के डायरेक्टर के आवास पर बिजली चोरी पकड़ी है।जांच के दौरान टीम ने डायरेक्ट कटिया फांसकर बिजली उपयोग किए जाने का मामला सामने आने पर विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्रकरण दर्ज कर करीब 45 हजार रुपये की रिकवरी निकाली है। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई विजिलेंस जेई राजेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में की गई। टीम ने मुकुंदपुर स्थित व्हाइट टाइगर सफारी के डायरेक्टर रामेश्वर टेकाम के सरकारी आवास पर जांच की,जहां कथित रूप से अवैध तरीके से बिजली उपयोग किए जाने के प्रमाण मिले। मौके पर टीम ने कनेक्शन की जांच कर पंचनामा तैयार किया और विद्युत चोरी का मामला दर्ज किया गया। विजिलेंस अधिकारियों के मुताबिक आवास में सीधे लाइन जोड़कर बिजली उपयोग की जा रही थी। जांच के बाद नियमानुसार जुर्माना निर्धारित कर वसूली प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बिजली कंपनी ने स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी को भी नियमों के उल्लंघन की छूट नहीं दी जाएगी। सूत्रों के अनुसार कार्रवाई के दौरान कॉलोनी में काफी देर तक चर्चा का माहौल बना रहा। आमतौर पर बिजली चोरी के मामलों में ग्रामीण और घरेलू उपभोक्ताओं पर कार्रवाई देखने को मिलती है,लेकिन इस बार एक वरिष्ठ वन अधिकारी और व्हाइट टाइगर सफारी के डायरेक्टर के आवास पर बिजली चोरी पकड़े जाने से लोग हैरान नजर आए। घटना के बाद विभागीय गलियारों में भी इस कार्रवाई को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। फिलहाल विजिलेंस टीम पूरे मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

### घुनवारा तौल विवाद के बाद लोकायुक्त जांच की मांग तेज

**मैहर।** मैहर जिले के घुनवारा गेहूं उपार्जन केंद्र में सामने आए तौल विवाद के वीडियो के बाद अब मामला और गंभीर होता जा रहा है। किसानों और स्थानीय ग्रामीणों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग उठाते हुए लोकायुक्त से जांच कराने की मांग तेज कर दी है। किसानों का आरोप है कि उपार्जन केंद्र में निर्धारित मानक से अधिक गेहूं तौला जा रहा है। मौके पर रिकॉर्ड वीडियो में अलग-अलग कांटों पर 50.750 किलो, 50.950 किलो और 51.310 किलो तक वजन दर्ज होने के दावे किए गए हैं। किसानों का कहना है कि यदि हर बोरी में अतिरिक्त वजन लिया जा रहा है,तो यह सीधे उनकी मेहनत और उपज पर असर डालने वाला मामला है। मामले के बीच समिति के सहायक प्रबंधन की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है। जिम्मेदार सहायक नरेंद्र द्विवेदी वीडियो में मिलावट करवा घटिया राशन वितरण करवा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि खरीदी केंद्र के साथ-साथ शासकीय उचित मूल्य दुकान,स्टॉक रजिस्टर ,भुगतान रिकॉर्ड और प्रशासनिक निर्णयों की भी संयुक्त जांच होनी चाहिए। ग्रामीणों ने यह मांग भी उठाई है कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ वित्तीय अनियमितता,पद के दुरुपयोग,या संपत्ति में असामान्य वृद्धि जैसी शिकायतें सामने आ रही हैं,तो संबंधित दस्तावेजों और वित्तीय रिकॉर्ड की निष्पक्ष जांच कराई जाए।ग्रामीणों का यह भी आरोप सहायक प्रबंधक द्वारा घटिया राशन व किस प्रकार मिलावटी राशन वितरण पूरे घुनवारा को किया जाता है जिसके वीडियो भी मौजूद वीडियो सामने आने के बाद अब घुनवारा से उठ रही आवाज सीधे जांच एजेंसियों तक पहुंच रही है।वहीं ग्रामीणों का कहना है कि 10 हजार की नौकरी करने वाले सहायक प्रबंधक कैसे आज करोड़ों का मालिक बन गया। शासन के सामने बड़े सवाल हैं सवाल उठ रहे है कि क्या किसानों से तय मानक से अधिक गेहूं लिया जा रहा है? क्या तौल मशीनों का नियमित सत्यापन हुआ है? क्या राशन वितरण और खरीदी रिकॉर्ड में कोई विसंगति है? क्या वित्तीय रिकॉर्ड और प्रशासनिक कार्यप्रणाली की स्वतंत्र जांच होगी? पूर्व में ट्रकों राशन उचित मूल्य घुनवारा की दुकान से राशन चोरी की घटनाएं घट चुकी हैं।

# सड़ते ट्रैक, सोता प्रशासन: सतना रेलवे स्टेशन का प्लेटफॉर्म नंबर-1 बना 'कचरा घर'







## स्वच्छ भारत और 'कायाकल्प' के दावों की उड़ीं धज्जियां,वीआईपी प्लेटफॉर्म पर पसरी गंदगी से यात्रियों का सांस लेना हुआ दूभर

सतना।

स्वच्छ भारत अभियान और रेलवे के 'कायाकल्प' के बड़े-बड़े दावों की धज्जियां उड़ानी हो, तो सतना रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर चले आइए। वीआईपी प्लेटफॉर्म कहे जाने वाले इस ट्रैक पर फैली भारी गंदगी और सड़ते कचरे ने यात्रियों का जीना मुहाल कर दिया है। स्टेशन के सबसे मुख्य हिस्से में पसरी यह गंदगी रेलवे प्रशासन की घोर लापरवाही और संवेदनहीनता को खुलेआम बयां कर रही है।

### गंदगी का अंबार,बदबू से हाल बेहाल

प्लेटफॉर्म नंबर एक पर जैसे ही कोई ट्रेन आकर रुकती है,यात्रियों का स्वागत दूर तक फैली बदबू और ट्रैक पर जमा प्लास्टिक,जूठन और सड़ते हुए कचरे से होता है। भीषण गर्मी के इस मौसम में स्थिति और ज्यादा नारकीय हो चुकी है। जमीनी हकीकत पर नजर डालें तो स्थिति बेहद चिंताजनक है।

### सांस लेना दूभर: प्लेटफॉर्म पर खड़े यात्रियों को मुंह पर कपड़ा ढककर ट्रेनों का इंतजार करना पड़ रहा है।

बीमारियों को न्योता: पटरियों पर सड़ रहा कचरा मच्छरों और भयंकर संक्रमण को दावत दे रहा है, जिससे महामारी का खतरा मंडरा रहा है।

**दिखावे की सफाई:** सफाई के नाम पर लाखों रुपये का टेंडर होने के बावजूद जमीनी स्तर पर काम शून्य नजर आ रहा है। ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं।

**वीआईपी प्लेटफॉर्म का यह हाल,तो बाकी भगवान भरोसे!**

आमतौर पर किसी भी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक को सबसे ज्यादा साफ और सुसज्जित रखा जाता है,क्योंकि अधिकारियों से लेकर वीआईपी तक का मूवमेंट इसी प्लेटफॉर्म पर होता है। लेकिन सतना स्टेशन के इस ट्रैक को देखकर लगता है कि जिम्मेदार अधिकारी अपने एयरकंडीशनर कमरों से बाहर निकलकर धरातल की हकीकत देखना ही नहीं चाहते।

**अंतिम चेतावनी:** कुंभकर्णी नींद से जागे प्रशासन

रेलवे प्रशासन को अब इस कुंभकर्णी नींद से जागना होगा। अगर जल्द ही इस भारी गंदगी को साफ कर ट्रैक को दुरुस्त नहीं किया गया,तो सतना स्टेशन स्वच्छ रेल की राष्ट्रीय रैंकिंग में तो फिसलेगा ही,साथ ही यह लापरवाही यात्रियों के स्वास्थ्य के साथ एक बड़ा खिलवाड़ साबित होगी। स्थानीय जनता अब इस मामले में डीआरएम से सीधे हस्तक्षेप की मांग कर रही है।

### यात्रियों का फूटा गुस्सा

रेलवे टिकट के दाम लगातार बढ़ा रहा है,लेकिन सुविधाओं और सफाई के नाम पर यात्रियों को सिर्फ नरकीय स्थिति मिल रही है। प्लेटफॉर्म पर 10 मिनट खड़ा होना भी किसी सजा जैसा लगता है। बदबू के मारे सिर फटने लगता है।

**एक आक्रोशित यात्री सतना स्टेशन**

# औद्योगिक नगरी सतना पतन की ओर, छोटे व्यापारियों और परिवहनकर्ताओं के सामने रोजी-रोटी का संकट

## जिले के उद्योगों से होने वाली माल ढुलाई में स्थानीय ट्रांसपोर्टर्स को मिले 60 फीसद की भागीदारी

सतना।

देश के व्यापारियों की शीर्ष संस्था कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की सतना इकाई द्वारा चलाए जा रहे "कैट आपके द्वार" अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक संपन्न हुई। प्रदेश सचिव अशोक दौलतानी के नेतृत्व में ट्रांसपोर्ट नगर स्थित कार्यालय में आयोजित इस बैठक में सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी और भारी संख्या में व्यापारी शामिल हुए। बैठक में शहर के व्यापार और परिवहन क्षेत्र की लगातार बिगड़ती परिस्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई।व्यापारियों ने तीखे स्वर में कहा कि कभी औद्योगिक हब के रूप में पहचान रखने वाला सतना आज स्थानीय व्यापारियों और परिवहनकर्ताओं के लिए संघर्ष का केंद्र बनता जा रहा है। बाहरी प्रदेशों और बड़ी कंपनियों के बढ़ते हस्तक्षेप के कारण स्थानीय व्यापारियों व वाहन मालिकों को पर्याप्त काम नहीं मिल पा रहा है,जिससे छोटे ट्रांसपोर्टर्स भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं।

### विकास की दौड़ में पिछड़ रहा है

सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि स्थानीय व्यवसायियों की स्थिति दिन-ब-दिन दयनीय होती जा रही है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो स्थानीय व्यापार पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सतना विकास की दौड़ में पिछड़ गया है। जिन कस्बों का व्यापार कभी सतना पर निर्भर था,वे आज सतना से अधिक व्यवस्थित और विकसित हो चुके हैं।



### जीएसटी विसंगति से 20 फीसदी अतिरिक्त आर्थिक बोझ

एसोसिएशन के महामंत्री अभिषेक जैन ने तकनीकी और आर्थिक दिक्कतों को रेखांकित करते हुए बताया कि जीएसटी व्यवस्था में वाहन मालिकों को इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसके कारण परिवहन व्यवसायियों को लगभग 20 प्रतिशत तक अतिरिक्त आर्थिक भार सहन करना पड़ रहा है,जो इस मंदी के दौर में कमर तोड़ने जैसा है।

### प्रमुख समस्याएं जिन पर हुई गंभीर चर्चा

बाहरी कंपनियों का दबदबा: स्थानीय रोजगार और व्यापार पर बाहरी लोगों का बढ़ता प्रभाव।

अव्यवस्थित नो-एंट्री: शहर में लागू दोषपूर्ण नो-एंट्री व्यवस्था के कारण गल्ला,किराना,कपड़ा,पेंट्स, सनमाइका,फ्लाई ऐश और प्लास्टिक जैसे कई प्रमुख व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

महंगाई और फैक्ट्रियों की मनमानी: पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दाम और स्थानीय सीमेंट व औद्योगिक इकाइयों की भेदभावपूर्ण कार्यप्रणाली।

### हमारी मांगें और अगला कदम

60 फीसद कोटा निर्धारित हो: जिले की सीमेंट और अन्य औद्योगिक इकाइयों से होने वाली माल ढुलाई में स्थानीय परिवहनकर्ताओं को न्यूनतम 60 प्रतिशत भागीदारी अनिवार्य रूप से दी जाए। भाड़े में वृद्धि: वर्तमान परिवहन भाड़ों में समयानुकूल और आनुपातिक बढ़ोतरी की जाए। प्रशासन से मुलाकात: बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जल्द ही व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल शासन और प्रशासन के आला अधिकारियों से मुलाकात कर इन समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु प्रभावी मांग रखेगा।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

इस महत्वपूर्ण बैठक में मनोज शर्मा,अशोक दौलतानी,मनोहर वाधवानी,अभिषेक जैन,संदीप मंगल,महेंद्र जैन,जितेंद्र साबनानी,हिमांशु,मनोहर डिगवानी,रामअवतार त्रिपाठी,दीपक वाधवानी,शंकर वाधवानी, रोहित अग्रवाल,सचिन जैन,सुरेंद्र गुप्ता,सुनील जैसवाल,पियूष पटनेहा,नीलांबर झा,अनुप मंघनानी, अमरेश सिंह,विनोद गुप्ता,राजेश केसरवानी,बृजकिशोर अग्रवाल,प्रमोद मिश्रा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी और ट्रांसपोर्टर्स मौजूद रहे।



### मैहर में दर्शन व्यवस्था सुगम और व्यवस्थित हुई

**मैहर।** मां शारदा प्रबंधक समिति की व्यवस्थाओं की कमान जब से मैहर एसडीएम दिव्या पटेल ने संभाली है, तब से मां शारदा मंदिर प्रांगण में लगातार सुधार देखने को मिल रहा है। दर्शन व्यवस्था से लेकर श्रद्धालुओं की सुविधाओं तक हर स्तर पर व्यवस्थाएं पहले की अपेक्षा अधिक सुगम और व्यवस्थित हुई हैं। इसी कड़ी में सिक्योरिटी गार्ड द्वारा भी सेवा भाव के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया जा रहा है। भीषण गर्मी के बीच मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं,विशेषकर वृद्ध एवं दिव्यांग भक्तों,की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मंदिर की सीढ़ियों पर तैनात सुरक्षा कर्मी कई दिव्यांग श्रद्धालुओं को व्हीलचेयर एवं कंधे का सहारा देकर मां शारदा के दर्शन कराने में मदद कर रहे हैं। इस पूरी व्यवस्था में सिक्योरिटी सुपरवाइजर की भूमिका बेहद सराहनीय रही। उन्होंने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मां शारदा धाम आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की हर संभव सहायता की जाए,ताकि किसी भी भक्त को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## आदिवासी गांवों में 'सुपोषित आंगनवाड़ी अभियान' की धूम, स्वास्थ्य शिविरों में मिला उपचार

**सतना।** जिला प्रशासन की अनूठी पहल पर मझगवां ब्लॉक के आदिवासी बाहुल्य गांवों को कुपोषण के कलंक से मुक्त कराने के लिए 'सुपोषित आंगनवाड़ी अभियान' तेजी से चलाया जा रहा है। महिला एवं बालविकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे विशेष स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से बच्चों और गर्भवती व धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य की गहन जांच की जा रही है। इन शिविरों से न केवल कुपोषितों की पहचान हो रही है,बल्कि ग्रामीणों को उनके घर के पास ही प्राथमिक उपचार भी सुलभ हो रहा है।

**झरी और सिंहपुर पंचायत में लगे विशेष कैंप-** अभियान की कड़ी में बीते दो दिनों के भीतर विभिन्न पंचायतों में शिविर आयोजित किए गए: 15 मई को झरी पंचायत (भौउठी एवं पुतरिहा): यहाँ कुल 22 बच्चों का वजन,लंबाई,(बांह का घेरा) और हीमोग्लोबिन टेस्ट किया गया। जांच में 4 बच्चे मध्यम कुपोषित (1 बालक,3 बालिका) और 2 बच्चे गंभीर कुपोषित (1 बालक,1 बालिका) पाए गए। साथ ही धात्री महिलाओं की एएनसी जांच भी की गई।



**17 मई को सिंहपुर पंचायत (किरहाई पोखरी एवं मडुलिहाई):-** किरहाई पोखरी: यहाँ 10 बच्चों की ग्रोथ मॉनिटरिंग में 2 बच्चे मध्यम कुपोषित तथा 1 बालक गंभीर कुपोषित मिला। यहाँ 8 महिलाओं की एएनसी जांच की गई।

मडुलिहाई: इस गाँव में 25 बच्चों की वृद्धि निगरानी की गई,जिसमें से 12 बच्चे मध्यम कुपोषित (5 बालक,7 बालिका) और 6 बच्चे गंभीर कुपोषित (2 बालक,4 बालिका) मिले।

**चिंताजनक: गर्भवती महिला में मिला मात्र 5.2 हीमोग्लोबिन-** मडुलिहाई गाँव में जांच के दौरान 9 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की गई, जिसमें से 5 महिलाओं में भारी एनीमिया (खून की कमी) पाई गई। इनमें सबसे गंभीर स्थिति 8 माह की गर्भवती शोभा (पत्नी रामदयाल मवासी) की रही, जिनका हीमोग्लोबिन स्तर महज 5.2 जीएम पाया गया। चिकित्सकों ने उन्हें विशेष उपचार की सलाह दी है।

**मौसमी बीमारियों का भी हुआ इलाज-** शिविरों में केवल कुपोषण ही नहीं,बल्कि ग्रामीणों की अन्य समस्याओं का भी समाधान किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम सतना की टीम के चिकित्सकों ने मौसमी बीमारियों जैसे-खुजली,फोड़ा-फुंसी,बुखार,पेट दर्द और बदन दर्द से पीड़ित महिला-पुरुषों और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां दीं।

**इनका रहा सराहनीय योगदान-** अभियान को सफल बनाने में आरबीएसके सतना टीम के साथ सीएचओ भारती पांडेय व लक्ष्मी कुशवाहा ,महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर अर्चना रजक,एएनएम शकुंतला सिंह व अर्चना सिंह,सेक्टर सुपरवाइजर अजीत सिंह, एमपीडब्ल्यू भैयामन सिंह शामिल रहे। इनके अलावा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आरती श्रीवास्तव,पूनम पयासी,गुड़िया मवासी,रेखा शिवहरे,सहायिका दुर्गा मवासी,आशा सहयोगनी रीना शर्मा,आशा कार्यकर्ता वंदना तिवारी,उमा गर्ग, शैलकुमारी त्रिपाठी तथा क्राई फेलो आनंद (मझगवां) ने सक्रिय योगदान दिया।

# मैहर और अमरपाटन में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई: अवैध शराब ठिकाने ध्वस्त, 4 गिरफ्तार, 98 हजार की मदिरा जब्त

सतना।

मैहर में अवैध शराब के कारोबार और माफियाओं के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद रविवार,17 मई को आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने जिला मैहर के बस स्टैंड अमरपाटन और ग्राम जरियारी में राष्ट्रीय राजमार्ग के पास स्थित एक अवैध ठिकाने पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में अवैध देशी व विदेशी शराब जब्त करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### कलेक्टर और जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में हुई कार्रवाई

यह पूरी कार्रवाई कलेक्टर मैहर श्रीमती विदिशा मुखर्जी के निर्देशन और जिला आबकारी अधिकारी सतना/मैहर सुश्री विभा मरकाम के मार्गदर्शन में संचालित विशेष अभियान के तहत की गई। मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर सतना एवं मैहर आबकारी विभाग की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम का नेतृत्व प्रभारी लोकेश सिंह ठाकुर (सहायक जिला आबकारी अधिकारी) ने किया। इस संयुक्त दल में वृत्त प्रभारी मैहर विजय सिंह बघेल,वृत्त प्रभारी सतना (क्रमांक 01) राकेश अवधिया, और वृत्त प्रभारी सतना (क्रमांक 02) निलेश गुप्ता सहित अन्य स्टाफ शामिल रहा।



### खेत में टीन शेड बनाकर चल रहा था अवैध धंधा

आबकारी टीम ने ग्राम जरियारी में जरियारी मोड़ पर राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे एक खेत पर दबिश दी,जहाँ माफियाओं द्वारा अवैध रूप से टीन शेड बनाकर शराब बेची जा रही थी। तलाशी के दौरान मौके से 72 बल्क लीटर अवैध देशी एवं विदेशी मदिरा बरामद की गई। टीम ने अवैध रूप से संचालित इस टीन शेड को विधिवत बंद (सील) कर दिया है।

### ये आरोपी हुए गिरफ्तार, भेजे जाएंगे जेल

जरियारी मोड़ पर की गई इस कार्रवाई में मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) एवं 34(2) के तहत मामला दर्ज कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### गिरफ्तार आरोपियों के नाम इस प्रकार हैं:

रंजीत साकेत (22 वर्ष), पिता-रामपाल, निवासी- नादन, जिला मैहर अमन पटेल (22 वर्ष), पिता- राजेश, निवासी- नादन, जिला मैहर नवीन सेन (29 वर्ष), पिता- बैजनाथ जैन, निवासी- नादन, जिला मैहर राजेश कुमार पटेल (41 वर्ष), पिता- भैया लाल, निवासी- नादन, जिला मैहर आबकारी विभाग ने चारों के खिलाफ अवैध शराब रखने और अवैध स्थान से विक्रय करने का प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा जाएगा।

### अमरपाटन बस स्टैंड पर भी आबकारी का शिकंजा

इसके अतिरिक्त,आबकारी टीमने वृत्त अमरपाटन के बस स्टैंड के पास भी एक अन्य कार्रवाई को अंजाम दिया। यहाँ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क के तहत तीन अन्य आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया।इनके पास से लगभग 20 बल्क लीटर अवैध देशी व विदेशी मदिरा बरामद की गई। दोनों स्थानों पर की गई इस संयुक्त कार्रवाई में कुल मिलाकर लगभग 92 बल्क लीटर शराब जब्त हुई है, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 98,000/-(अठासी हजार रुपये) आंका गया है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस पूरी छापामार कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम देने में आबकारी आरक्षक शिवम सिंह,सुनील पांडे, रामनरेश द्विवेदी,अमित सिंह,मंगल दिन कोल,जैनेंद्र पयासी,शंकर दयाल,राजकरण त्रिपाठी और नगर सैनिकों का सराहनीय और विशेष योगदान रहा। आबकारी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ इस तरह का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार मोटर बाइक चालक पुलिया से टकराया युवक गंभीर रूप से घायल पन्ना रेफर

**अमानगंज।** पन्ना जिले की अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र मुख्यालय अमानगंज की मुख्य सड़क मार्ग पर बीती रात लगभग 11:00 एक तेज रफ्तार बाइक चालक असंतुलित होकर पुलिया की जलियां से टकराकर घायल हो गया उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज दाखिल कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय पटना रेफर कर दिया गया घटना में घायल हुए युवक का नाम अजय पिता राजू चौधरी बताया जा रहा है जो किसी आयोजन से वापस घर की ओर आ रहा था और अचानक यह घटना घट गई जिससे पूरा परिवार भारी दुखित एवं परेशान हो गया।

### देश हित में अनूठी पहल साइकिल से जनगणना

देश हित में अनूठी पहल,



पवई में शिक्षक सतानंद पाठक साइकिल से कर रहे मकान जनगणना

**पवई।** जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण में पवई तहसील के पर्यवेक्षक शिक्षक सतानंद ने देश हित में अनूठी पहल की है। ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सर्किल नंबर 9 के प्रगणक अब साइकिल से घर-घर पहुंचकर मकान जनगणना का कार्य कर रहे हैं। 16 मई 2026 को ग्राम नारायणपुरा में पर्यवेक्षक शिक्षक सतानंद पाठक साइकिल पर जनगणना किट और प्रपत्र रखकर नारायणपुरा में सर्वे करते नजर आए। उन्होंने बताया कि साइकिल से ली-मोहल्लों में आसानी से पहुंचा जा सकता है। इससे समय भी बचता है और शासन का ईंधन खर्च भी कम होता है। प्रगणकों का कहना है कि साइकिल से काम करने पर ग्रामीण भी सहयोग के लिए आगे आ रहे हैं। कई बुजुर्गों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा। पर्यवेक्षक शिक्षक सतानंद पाठक ने कहा कि यह छोटे स्तर पर ही सही, लेकिन देश सेवा की भावना दिखाता है। उन्होंने अन्य प्रगणकों से भी अपील की कि जहां तक संभव हो साइकिल या पैदल ही सर्वे करें। जनगणना 2027 का यह मकान सूचीकरण कार्य 30 मई तक चलेगा। पर्यवेक्षक की यह साइकिल यात्रा देश हित में एक प्रेरणादायक उदाहरण बन रही है।

### रिटायर्ड शिक्षक प्रेम नारायण दीक्षित का निधन



**पवई।** अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि रिटायर्ड शिक्षक प्रेम नारायण दीक्षित, भरत दीक्षित प्रवीण दीक्षित के पिता जी का स्वर्गवास 17/05/2026 प्रातः 7:00 बजे इलाज के दौरान जबलपुर में हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा शाम 4:00 बजे गृह निवास वार्ड क्रमांक 1 से विद्युत मंडल पवई के पीछे मुक्तिधाम पर हुआ। ईश्वर दिवंगत पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं इस दुख की घड़ी में परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। ऊं शांति शांति शांति।

## जिले की राजनीति एक बार फिर बदलाव तथा टकराव या विकास की दिशा तय करेगी

# पन्ना से लेकर मप्र की राजनीति में पन्ना का स्थान कहीं न कहीं अब सुर्खियों में

### संजय नगायच के प्रथम आगमन को लेकर जहां होर्डिंग ही कहीं न कहीं दे रहे संदेश

निश्चिततौर पर राजनीति समय के साथ अलग ही मुकाम तय करने से बदलाव को लेकर जानी जाती है इसी तरह की अटकलें राजनैतिक गलियारे में चर्चा का विषय बनी हुई है कुछ समय पूर्व म0प्र0 वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन एण्ड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन म0प्र0 के अध्यक्ष संजय नगायच के बनने के बाद जहां पहली बार पन्ना जिला आगमन को लेकर होडिंग की बयां कर रहे है राजनीति अब कहीं न कहीं पन्ना जिले को लेकर प्रदेश में हलचल के रूप में जानी जायेगी।

**पन्ना।**



राजनीति कब और किस दिशा का मुकाम तय कर लेगी यह तो वक्त ही तय करता है संजय नगायच जिले की राजनीति से लगभग काफी समय से पटल से गायब थे अज्ञातवास की तर्ज पर कहें अतिसंयुक्ति नहीं वहीं बदला समय और एक बार फिर सुर्खियों में संजय नगायच जो कि म0प्र0 वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन एण्ड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन के अध्यक्ष बनने से कहीं न कहीं जिले से लेकर भोपाल तक राजनैतिक बदलाव चर्चा में चल पड़ा प्रदेश की राजनीति में पन्ना का दबदबा भी कायम हुआ क्योंकि पन्ना जिले से जहां तीनों विधायकों में से मंत्री पद भले ही म0प्र0 सरकार की राजनीति में इस समय जहां पन्ना को देना उचित देना समझा गया मायूसी का दौर जो चल रहा था अब वह शायद कहीं न कहीं एक संतुष्टि को लेकर माना जा रहा है। क्योंकि तेज-तर्रार छवि के युवा नेता संजय नगायच को जहां म0प्र0 वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन एण्ड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन का अध्यक्ष बनाने से उनके कद को लेकर जहां कैबिनेट मंत्री के दर्जे के रूप में जो पन्ना के लिये पद देना संभव हुआ। वह अब पन्ना से लेकर म0प्र0 की राजनीति में कहीं न कहीं सुर्खियों को लकर बना हुआ है। वहीं पन्ना जिले की राजनीति में भी बदलाव व टकराव दोनों ही चर्चा में है। इतना ही नहीं विकास को लेकर भी अहम समय माना जा रहा है जहां एक वर्ष बाद म0प्र0 विधानसभा के चुनाव भी होंगे जहां इस बार किस विधानसभा से किसको जिम्मेदारी तय होगी। यह भी अटकलों का दौर है वहीं तीन विधनसभा में से गुनौर विधानसभा के विधायक राजेश वर्मा का फोटो होडिंग में जहां प्रमुखता से छाया हुआ है वहीं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रविराज सिंह यादव तथा जिला भाजपा महामंत्री पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष माघवेन्द्र सिंह भी होडिंग में से प्रमुखता से संजय नगायच के प्रथम आगमन पन्ना को लेकर जहां स्पष्ट बयां हो रहे है। इस तरह से राजनैतिक रूप से अब एक और ही दिशा आगे बढेगी विकास को लेकर अगर यह गति तय हुई तो निश्चिततौर पर पन्ना के लिये यह अहम समय होगा वहीं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह से जहां राजनैतिक प्रतिदृदिता को लेकर संजय नगायच का नाम कोई नया नहीं वहीं पवई विधानसभा के विधायक प्रहलाद लोधी से भी काफी लंबे अर्से से जहां दूरियों को लेकर कयास तो थे ही इस तरह से जहां यह पद पन्ना जिले को मिलने के बाद अपने आप में राजनैतिक गलियारों में चर्चा का विषय है। देखना यह है कि अनुशासन को लेकर जाने जानी वाली पार्टी सत्ता रूढ दल भाजपा में अब जहां राजनैतिक रूप से इस सफलता के बाद टकराव या कि विकास या कि बदलाव कुछ न कुछ जरूर सामने आयेगा। निश्चिततौर पर राजनैतिक रूप से पन्ना से लेकर प्रदेश की राजनीति तक अब एक नई दिशा आगे बढेगी जो कहीं न कहीं सदैव अपने पीछे लकीर खींचेगी। निश्चिति ही गांवों से लेकर जिला मुख्यालय तक कहीं न कहीं इस आगमन में ही राजनैतिक हलचल समर्थकों के साथ नजर आयेगी क्योंकि राजनीति समय के साथ अलग ही जो छाप छोड़ती है शायद वहीं हालात एक बार फिर सुमार चर्चा में।



## दक्षिण पन्ना वन विभाग द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को कराया गया मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी का एक्सपोज़र विजिट

आजीविका प्रशिक्षण के साथ वन्यजीव संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास

**पन्ना।** दिनांक 16 मई को वनमण्डल दक्षिण पन्ना के शाहनगर वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्रीन इंडिया मिशन के तहत संचालित आजीविका प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था कैरियर प्वाइंट से सेल्फ एम्प्लॉयड टेलर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों के लिए मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी एवं जू का विशेष शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस एक्सपोज़र विजिट के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने सफेद बाघ सहित विभिन्न वन्यप्राणियों को निकट से देखा तथा बटरफ्लाई पार्क, पक्षी विहार एवं अन्य वन्यजीव बाड़ों का अवलोकन कर वन्यजीव संरक्षण एवं जैव विविधता के महत्व को समझा। कार्यक्रम का आयोजन शाहनगर रेंज ऑफिसर राजुल कटारे के मार्गदर्शन में किया गया। वनरक्षक सुशील वर्मा एवं राहुल जैन द्वारा प्रतिभागियों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित भ्रमण कराया गया तथा वन एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में बच्चों ने अत्यंत उत्साह के साथ सहभागिता की तथा इसे एक यादगार एवं ज्ञानवर्धक अनुभव बताया।

# भीषण गर्मी के चलते बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे ग्रामवासी

नेताओं की बात अधिकारी नहीं सुन रहे अधिकारी की बात पंचायत स्तर के कर्मचारी नहीं सुन रहे

पिपरवाह बलगहा कामताना कई महीनो से पड़ी नल जल योजना बंद अधिकारी और नेताओं को अवगत कराने के बाद भी नहीं हो पा रही चालू

कुंभकरण की नींद में सोया पीएच विभाग

करोड़ों रुपए की लागत से बनी पानी की टंकी सिर्फ दुल्हन की तरह सजी बस रह गई बूंद बूंद पानी के लिए तरसते रह गए लोग



**अमानगंज।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही नल जल योजना इन दिनों मजाक सी बनकर रह गई अमानगंज क्षेत्र में ऐसी कई पंचायतें हैं जहां पानी की टंकी तो बन गई लेकिन पंचायत स्तर के कर्मचारियों की मनमानी के चलते पानी सप्लाई गांव में चालू नहीं की जा रही बात कर रहे हम पिपरवाह पंचायत की जहां खुद पन्ना कलेक्टर द्वारा दौरा किया गया था और फिर पंचायत में बैठकर पंचायत के कर्मचारियों को पानी की सप्लाई चालू करने के लिए कहा गया था लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी आज दिनांक तक पानी की सप्लाई चालू नहीं हुई और बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे गांव के लोग जो की 10 महीना से पानी की सप्लाई बंद पड़ी हुई है वहीं दूसरी ओर गुनौर विधायक द्वारा बलगहा पंचायत का दौरा किया गया था और फोन के माध्यम से जिले में बैठे अधिकारी को वीडियो कॉल के माध्यम से अवगत कराया गया था लेकिन उसके बावजूद भी लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं जो कि देखा जाए तो मध्य प्रदेश सरकार में ऊपर से लगाकर नीचे तक बीजेपी के ही जनप्रतिनिधि बैठे उसके बावजूद भी इतना भ्रष्टाचार देखने को मिले तो फिर जनता अब किस से उम्मीद करेगी बड़े ही सोचने वाली बात है कि नेताओं की बात अधिकारी नहीं सुनते अधिकारी की बात पंचायत स्तर के कर्मचारी नहीं सुनते तो फिर जनता करें क्या किसी पर विश्वास करें क्या मध्यप्रदेश सरकार की यही है नल जल योजना और जो जिले में जिम्मेवार पी एच विभाग के अधिकारी बैठे हैं वह भी जनता की समस्या को नहीं समझ पा रहे यदि कोई शिकायत करता है तो ऑफिस में ही बैठे-बैठे शिकायत का निराकरण हो जाता है और जमीनी हकीकत में लोग आज भी प्यास से बूंद-बूंद पानी के लिए तड़प रहे हैं।

# ई-स्कूटी से जुगल किशोर मंदिर पहुंचे वीडी शर्मा, राहुल लोधी और बृजेन्द्र प्रताप सिंह, दिया पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत का संदेश



**पन्ना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ईंधन की बचत, विदेशी मुद्रा भंडार को सुरक्षित रखने और पर्यावरण संरक्षण को लेकर किए गए आह्वान का प्रभाव अब जनप्रतिनिधियों और आम लोगों के बीच भी दिखाई देने लगा है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद वीडी शर्मा, दमोह सांसद राहुल लोधी तथा पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ई-स्कूटी से जुगल किशोर मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान जुगल किशोर सरकार के दर्शन कर देशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।जनप्रतिनिधियों का यह सादगीपूर्ण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देने वाला अंदाज लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। जहां सामान्य रूप से नेताओं का काफिला बड़ी गाड़ियों के साथ दिखाई देता है, वहीं ई-स्कूटी से मंदिर पहुंचकर उन्होंने ऊर्जा संरक्षण और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। मंदिर परिसर में मौजूद लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे प्रधानमंत्री मोदी के "ग्रीन इंडिया" और स्वच्छ ऊर्जा के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने वाला प्रयास बताया।इस दौरान नेताओं ने कहा कि आज पूरे विश्व के सामने बढ़ते प्रदूषण और ऊर्जा संकट की चुनौती है। भारत जैसे विकासशील देश में पेट्रोल और डीजल की खपत कम करना समय की आवश्यकता है। इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि यह आर्थिक रूप से भी आम लोगों के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है। देश में बड़ी मात्रा में कच्चे तेल का आयात किया जाता है, जिस पर भारी विदेशी मुद्रा खर्च होती है। ऐसे में ई-स्कूटी और अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग बढ़ने से पेट्रोल-डीजल की खपत कम होगी और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों से धुआं नहीं निकलता, जिससे वायु प्रदूषण कम होता है और स्वच्छ वातावरण को बढ़ावा मिलता है।पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के बीच ई-स्कूटी आम लोगों के लिए किफायती विकल्प बनकर उभर रही है। इसकी बैटरी चार्ज करने में बहुत कम खर्च आता है, जबकि रखरखाव खर्च भी पारंपरिक वाहनों की तुलना में कम होता है। यही कारण है कि देशभर में युवाओं और आम नागरिकों के बीच इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है।जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वयं ई-स्कूटी का उपयोग करना लोगों को यह संदेश देता है कि पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उनका यह प्रयास समाज को स्वच्छ ऊर्जा अपनाने और हरित भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने वाला माना जा रहा है।

## संदीपनी विद्यालय में समर कैम्प का हुआ समापन, प्रतिभाओं ने बिखेरा रंग



**पवई।** शासकीय संदीपनी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवई में प्राचार्य श्री आर.के. नागायच के निर्देशन में आयोजित समर कैम्प का रविवार को अपने उत्साह, उमंग और गरिमा के साथ भव्य समापन समारोह सम्पन्न हुआ। पूरे कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और रचनात्मकता की शानदार झलक देखने को मिली। समारोह की मुख्य अतिथि पार्षद श्रीमती देवी खटीक रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता बीईओ पवई संतोष कुमार गौतम ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में के.एल. उपाध्याय, रघुवीर तिवारी ठाब्पवई, सेवानिवृत्त शिक्षक रामकुमार वर्मा, नागेंद्र श्रीवास्तव पूर्व शिक्षक, संस्था के वरिष्ठ शिक्षक आर.के. श्रीवास्तव, महेन्द्र बागरी, सुनील रजक, श्रीमती संध्या पटेल,प्रहलाद नामदेव, श्रीमती रूपा सेन,श्रीमती सुचेता नामदेव, पुष्पेंद्र मिश्रा, प्रदीप पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुखसागर कुंवर ने प्रभावी एवं आकर्षक शैली में किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा समर कैम्प में सीखी गई विभिन्न ग ति वि धि यों कृ सां स्कृ ति क प्रस्तुतियां, खेल, योग एवं रचनात्मक कार्यकृका शानदार प्रदर्शन किया गया, जिसे उपस्थित अतिथियों ने खूब सराहा। अंत में प्राचार्य आर.के. नगायच ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और समर कैम्प को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया। समापन समारोह के साथ ही समर कैम्प का सफलतापूर्वक समापन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।

### पवई पुलिस की अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही

# 42 पेटी देशी मदिरा प्लेन कुल 378 लीटर अवैध शराब कीमती करीबन पोने दो लाख रूपये की जप्त



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियो को अपने थाना क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है उसी तारतम्य में दिनांक 15/05/26 को थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी ग्राम सिमरी के हरदुआ हार में काफी अधिक मात्रा में अवैध शराब का भंडारण किया गया है सूचना की तस्दीक के दौरान आरोपी राजा भैया ठाकुर पिता गोविंद सिंह निवासी ग्राम बूढ़ा थाना पवई के कब्जे से कुल 42 पेटी अवैध देसी मदिरा प्लेन जिसमें कुल 378 लीटर शराब कीमती करीबन पौने दो लाख रुपए की विधिवत जप्त करके थाना पवई में अपराध क्रमांक 170/26 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध किया गया है। उल्लेखनीय भूमिका दृउक्त संपूर्ण कार्यवाही थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक 223 सुरेंद्र प्रजापति, प्रधान आरक्षक 569 नीरज रैकवार, प्रधान आरक्षक 433 अंजलि तिवारी एवं वाहन चालक 128 नागेंद्र माझी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बीते साल हुई थी नवयुवक की शादी फांसी लगाकर की आत्महत्या'

# युवक ने छेवले के पेङ पर लटक कर दे दी जान, परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल



**पन्ना।** थाना शाहनगर क्षेत्रांन्तर्गत टिकरिया के खरमोरा गां मे शनिवार की दरम्यानी रात्री 12 बजे गांव से सटे टिमरहाई हार के खेतों में 25 वर्षीय आनंद सिंह राठौर पिता राजेंद्र सिंह राठौर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हादसे की जानकारी म्रतक के चाचा ने शाहनगर पुलिस को दी मौके पर पहूची पुलिस की टीम मे प्रधान आरक्षक मनोज त्रिपाठी और आरक्षक अनुज शर्मा ने मृतक से संबंधित आवश्यक जानकारी एकत्र कर पंचनामा कराया और लाश को छेवले के पेङ से उतारकर शाहनगर मर्चूरी केन्द्र लाकर पीएम पश्चात लाश परिजनों को सोंप दी।

### इनका कहना है -

परिजनो ने बताया की घटना रात्रि के 12 बजे की है जहा युवक शौच के बहाने खेतों की तरफ गया और छेवले के पेङ पर लटककर जॉन दे दी परिजनों के अनुसार अक्सर गर्मी के समय मानसिक डीस्टरब हो जाता था। शव का कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को सोप दी गई है।

**मनोज कुमार त्रिपाठी प्रधान आरक्षक, थाना शाहनगर**

### हाईवे किनारे ढाबों पर वन विभाग की दबिश

# रेंजर राजूल कटारे के निर्देश पर टीम ने जांची जलाऊ लकड़ी की टीपी, बिना परमिट लकड़ी मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी





**पन्ना।** वन विभाग की टीम ने शनिवार को हाईवे किनारे संचालित ढाबों पर औचक निरीक्षण किया। टीम ने ढाबों में उपयोग की जा रही जलाऊ लकड़ी के परिवहन परमिट यानी टीपी की जांच की। वन विभाग को लगातार शिकायत मिल रही थी कि हाईवे के कई ढाबों पर अवैध रूप से काटी गई लकड़ी जलाई जा रही है। इसी के चलते शाहनगर वन परिक्षेत्र अधिकारी राजूल कटारे के निर्देश पर टीम गठित कर जांच की गई। टीम ने ढाबा संचालकों से लकड़ी के बिल और टीपी मांगे। जिन ढाबा संचालकों के पास वैध टीपी नहीं मिली, उन्हें कड़ी हिदायत दी गई। वन अमले ने साफ कहा कि बिना टीपी के लकड़ी का भंडारण और उपयोग वन अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है। अवैध लकड़ी मिलने पर लकड़ी जब्त कर प्रकरण दर्ज किया जाएगा। निरीक्षण टीम में ये रहे शामिलरू इस अवसर पर रामसरोवर पाण्डेय वनपाल शाहनगर, ओमप्रकाश द्विवेदी वनरक्षक शाहनगर, चंद्रप्रकाश शर्मा वनरक्षक बीट गार्ड टिकरिया, कृष्ण कुमार गुप्ता वनरक्षक बीट गार्ड बहरिया, ओमनारायण प्रजापति वनरक्षक सुनपुरा, शिवप्रताप सिंह वनरक्षक बीट गार्ड गंजंदा शामिल रहे।

## दो लड़कियों के गुम होने की खबर, पुलिस की त्वरित कार्रवाई से दोनों लड़कियों को सुरक्षित उनके परिवार के पास पहुंचा



***पन्ना।*** पन्ना में दो लड़कियों के गुम होने की खबर थी, लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई से दोनों लड़कियों को सुरक्षित उनके परिवार के पास पहुंचा दिया गया है। अंजली और नंदिनी नाम की ये दोनों लड़कियां अपने माता-पिता के साथ मामा के घर शादी में आई थीं, लेकिन किराना दुकान से रास्ता भटक गई थीं। इसकी जानकारी सिविल लाइन चौकी को दी गई चौकी से जानकारी थाना कोतवाली पन्ना को दी गई पुलिस ने तात्पर्य दिखाते हुए घूमी हुई बच्चियों को कुछ घंटे के अंदर ढूंढ लिया। 112 की टीम स्टॉप राहुल सिंह 263 पायलट रंजीत रजक ने पुरसोत्तमपुर के पास अंजली को ढूंढ लिया, जबकि नंदिनी को चौकी स्टाफ ने ढूंढ लिया था। दोनों लड़कियों को दोपहर 1रू30 बजे से गुम हुए 2 घंटे के अंदर ही उनके परिवार के पास सौंप दिया गया। पन्ना थाना कोतवाली पुलिस की मदद से यह संभव हो पाया।

# नेशनल हाईवे - 43 पर तेज रफ्तार वाहन ने जंगली सुअर को कुचला, मौत

पन्ना-कटनी हाईवे पर राजस्व सीमा के पास मिला शव

एक सप्ताह में दूसरा हादसा पहले तेंदुआ, अब सूअर की गई जान



**पन्ना।** पन्ना-कटनी छभ्.43 हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से 2 से 3 साल के जंगली सूअर की मौत हो गई। घटना रविवार 17 मई की सुबह की है। जानकारी के अनुसार सूअर हाईवे पार कर रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सुबह राहगीरों ने राजस्व भू-भाग की सीमा रेखा पर हाईवे किनारे लहूलुहान हालत में सूअर का शव पड़ा देखा और वन विभाग को सूचना दी। रोज की तरह जंगल की रखवाली के लिए निकले रोहनिया बीट गार्ड सुशील वर्मा को सूचना मिली मौके पर पहुंचे वन अमले ने पंचनामा कार्रवाई की। पशु चिकित्सक से पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को नियमानुसार दफना दिया गया।वन विभाग ने अज्ञात वाहन के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक माह में दूसरा हादसारू गौरतलब है कि हाल ही में शाहनगर वन परिक्षेत्र की टिकरिया और पवई बीट के बीच खरमोरा मार्ग पर भी सड़क हादसे में तेंदुए की मौत हुई थी। तेज रफ्तार वाहनों के कहर से लगातार वन्य जीवों की मौत हो रही है, जिससे परिवहन एवं यातायात विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। एक ओर वन अमले की कुशल निगरानी और जंगलों के रखरखाव से वन्य जीवों की संख्या बढ़ने की जानकारी आ रही है, वहीं दूसरी ओर ऐसे हादसों पर प्रशासन को लगाम लगाना जरूरी हो गया है।

## खबर संक्षेप

### डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार कार, एक की मौत, दो घायल

छतरपुर। जिले के बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मड़तला नदी के पास रविवार सुबह करीब 7 बजे एक तेज रफ्तार अल्ट्रा कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। भीषण सड़क हादसे में कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।जानकारी के अनुसार कार में सवार लोग राजगढ़ से सतना की ओर जा रहे थे। जैसे ही कार मरतला नदी के समीप पहुंची, चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और कार सीधे डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।हादसे में अमरलाल टावर (50) निवासी गोपालपुरा थाना राजगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं चालक धंसी (32) एवं मोहर सिंह घायल हो गए, जिनका अस्पताल में उपचार जारी है।सूचना मिलते ही बमीठा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार को हादसे की वजह माना जा रहा है।

### कन्या रत्न की प्राप्ति पर चौरसिया परिवार में खुशी की लहर



छतरपुर। कलेक्ट्रेट छतरपुर में पूर्व कार्यालय अधीक्षक रहे मनोहर लाल चौरसिया एवं वर्षा चौरसिया के पुत्र/पुत्रवधू प्रतीक चौरसिया-काजल चौरसिया को छतरपुर के एक निजी अस्पताल में कन्या रत्न की प्राप्ति हुई है। बेटी के जन्म की खुशखबरी मिलते ही परिवार में हर्ष और उत्साह का माहौल बन गया। इस शुभ अवसर पर परिवार के इष्टमित्रों, शुभचिंतकों एवं रिश्तेदारों ने नवजात शिशु के जन्म पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए माता-पिता एवं समूचे चौरसिया परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने नवजात कन्या के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की है।

### मऊ दरवाजा नाला निर्माण बना दुकानदारों की मुसीबत



छतरपुर। शहर के मऊ दरवाजा क्षेत्र में चल रहा नाला निर्माण कार्य इन दिनों स्थानीय दुकानदारों और आम लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। बस स्टैंड बाजार से होकर जाने वाले मुख्य रास्ते पर पिछले 10 दिनों से काम बेहद धीमी गति से चल रहा है, जिससे बाजार की रौनक पूरी तरह प्रभावित हो गई है।दुकानदारों का कहना है कि रास्ता बाधित होने से ग्राहक बाजार तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसका सीधा असर व्यापार पर पड़ रहा है। जिन व्यापारियों की खुद की दुकानें हैं, उन्हें कर्मचारियों और घर खर्च की चिंता सता रही है, वहीं किराए की दुकानों में व्यापार करने वाले दुकानदार किराया तक निकाल पाने में परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि काम "कछुआ गति" से किया जा रहा है। लोगों की मांग है कि नगर पालिका जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराए ताकि बाजार की स्थिति सामान्य हो सके।

### खजुराहो में 50 बिस्तरों वाले आयुष वेलनेस सेंटर को मंजूरी

15 करोड़ की लागत से बनेगा ग्लोबल हेल्थ डेस्टिनेशन

खजुराहो। केंद्र सरकार ने विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो को एक साथ कई बड़ी सौगाते दी है, यहां 50 बिस्तरों वाले आधुनिक आयुष वेलनेस सेंटर की स्थापना तथा इलिट जैसे एक बड़े शिक्षण संस्थान जिससे स्किल डेवलपमेंट का युवाओं को बड़ा अवसर प्राप्त होगा को मंजूरी मिल गई है,यह सेंटर स्थानीय लोगों के साथ-साथ दुनियाभर से आने वाले पर्यटकों के लिए आयुर्वेद और योग का प्रमुख केंद्र बनेगा, उक्त आशय की जानकारी पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा रविवार दोपहर खजुराहो पहुंचे और इसकी घोषणा की। सांसद शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बुंदेलखंड को स्वास्थ्य और पर्यटन के क्षेत्र में यह अनुपम उपहार मिला है।

## आईजी ने 10 हजार से बढाकर 25 हजार रूपए की थी ईनाम की राशि

# नाबालिग युवती सें गैंग रेप करने वाले मुख्य सूत्रधार सहित 3 आरोपी गिरफ्तार, रिश्तें में है मामा भांजे

छतरपुर।



सिटी कोतवाली अंतर्गत बस स्टैण्ड क्रमांक दो से 15-16 मई की दरम्यिानी रात एक नाबालिग युवती का अपहरण कर उसके साथ गैंग रेप की घटना को अंजाम देने के बाद बस स्टैण्ड पर पुनः छोड़ देने बाले 3 आरोपियों को पुलिस ने घटना के दूसरे दिन ही दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी रिश्ते में मामा भांजे है। इस घिनौनी घटना को अंजाम देने वाला मुख्य सूत्रधार रवि कुशवाहा निवासी डिगरिया था। 15-16 की दरम्यिानी रात पुलिस की गश्ती दल को एक नाबालिग लड़की बदहवाशी हालत में मिली जिसे पुलिस महिला थाने ले जाकर काउंसिंलिग की तो काउसिंलिंग के दौरान नाबालिग युवती ने अपने साथ हुई दरिंदगी बताई उसने सभी को शर्मसार कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने स्वंय घटना स्थल का निरीक्षण किया, जहां से युवती को अगवा किया गया था। पुलिस ने कई जगह लगे सीसीटीबी कैमरों से फुटेज खंगाले तो स्थिति साफ हो गई कि आरोपी रबि कुशवाहा ने अपने दोनों भांजो अरविन्द्र कुशवाहा, रविन्द्र कुशवाहा के साथ मिलकर इस तरह की घिनौनी हरकत करने की योजना बनाई थी। और तीनों स्कूटी में सबार होकर बस स्टैण्ड ईलाके में पहुंचे जहां देर रात उन्हें एक नाबालिग युबती दिख गई नाबालिग युबती दिखते ही तीनों आरोपियों ने अपनी योजना को अमलीजामा पहनाने का ताना बाना बुना और उन्होंने उस नाबालिग लड़की को चोरी की रिपोर्ट करने की धमकी दी और अपने साथ चलने के लिए कहा लेकिन जब लड़की तैयार नहीं हुई तो उसे जबरन स्कूटी में बैठाकर पठापुर रोड़ पर बुन्देलखड सिटी के पीछे अरविन्द्र कुशवाहा के मकान में ले गए और वहां सुनसान ईलाके में आरोपी रबि कुशवाहा, अरविन्द्र कुशवाहा, और रविन्द्र कुशवाहा ने सारी मर्यादाओं को लांघते हुए लड़की के साथ गैंग रेप की घटना को अंजाम दिया। इश्क के भूत के चक्कर में वह कानून का शिकंजा भूल गए। लेकिन जब उन्हें कानून के भूत का डर सताने लगा तो युबती को बापिस बस स्टैण्ड एक शिफ्ट कार से छोड़ गए और उसे मुंह बंद रखने की चेतावनी देते हुए 1 हजार रूपए देकर चले गए लेकिन बदहवास हालत में युबती सड़क पर घूम रही थी तभी पुलिस गश्ती की गाड़ी ने देख लिया और लड़की से आकर पूछताछ की तो उसने पूरी घटना बता दी तो लड़क़ी को महिला डेस्क पहुंचाकर बयान दर्ज कराए गए घटना सामने आने पर तीन आरोपियों के विरूद्व कोतवाली में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने इस घटना को चुनौती और शर्मसार करने वाली मानकर शहर में खोजबीन शुरू की और बस स्टैंड के आसपास सहित अन्या जगहों पर लगे सीसीटीबी कैमरों से फुटेज खंगाले एसपी ने भी घटना स्थल का निरीक्षण कर 10 हजार का ईनाम घोषित किया। वहीं सागर आईजी ने ईनाम की राशि बढ़ाकर 25 हजार रूपए कर दी और एसपी ने कई टीमें आरोपियों को पकडऩे मैदाने में उतार दी और स्वंय मानीटरिंग करते रहें। पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए शनिवार को ही तीनों आरोपियों को दबोच लिया और आरोपियों के पास से स्कूटी व शिफ्ट कार जप्त कर ली। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने रविवार को पुलिस कान्फेंस हाल में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि जो आरोपी गिरफ्तार हुए है उनमें अरविन्द्र कुशवाहा पिता दशरथ कुशवाहा निवासी नदनपुर ईशानगर रोड़ हाल पठापुर रोड़ छतरपुर, रबि कुशवाहा पिता दुर्गा प्रसाद कुशवाहा निवासी डिगरिया हाल कृष्णा कॉलेज महोबा रोड़ छतरपुर, और रविन्द्र कुशवाहा पिता मोतीलाल कुशवाहा निवासी कुसमा थाना महाराजपुर हाल पठापुर रोड़ छतरपुर को गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## अवैध रूप से चल रही स्लीपर कोच बसों में नहीं है सुरक्षा के इंतजाम, परिवहन विभाग के अधिकारी बने मूकदर्शक

छतरपुर। जिला मुख्यालय छतरपुर से भोपाल, इंदौर, दिल्ली, नोएडा, नागपुर, गाजियाबाद सहित अन्य शहरों के लिए प्रतिदिन दर्जनों स्लीपर कोच बसें चल रही है। लेकिन यह बसें यात्री वाहन कम मालवाहक वाहन ज्यादा है। इन स्लीपर कोच बसों में सुरक्षा के कोई इतंजाम नहीं है। जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। कई बार स्लीपर कोच बसों में आगजनी की घटनाएं हो चुकी है और दुर्घटना का शिकार भी हो चुकी है। लेकिन इसके बावजुद भी प्रशासनिक अधिकारी चुप्पी साधे हुए है। क्योंकि इन स्लीपर बसों में लगेज भारी मात्रा में रखा जाता है और जब यह बसें अपने गंतव्य की ओर रवाना होती है तो ड्राइवर इतनी अधिक स्पीड़ में गाड़ी ड्राईव करते है जिससे अचानक गाड़ी पर कट्रोल नही हो पाता है और बसें दुर्घटना का शिकार हो जाती है। सबसे बड़ी विड़वना तो यह है कि इन स्लीपर कोच बसों में अंदर जाने और बाहर निकलने के लिए एक ही गेट होता है जिससे कई बार दुर्घटनाएं होने पर यात्री आसानी से वाहर नहीं निकल पाते है। पता नहीं परिवहन विभाग के अधिकारी स्लीपर कोच बसों को चलाने बालो पर अभयदान क्यों दिए हुए है। यह स्लीपर कोच बसें यात्रियों के लिए है ना कि माल ढोने के लिए है। बस स्टैण्ड पर सुबह के समय यदि देखा जाए तो भोपाल, इंदौर, दिल्ली सहित महानगरों से आने वाली स्लीपर कोच बसों में छत के साथ साथ नीचे की डिग्गी में भारी मात्रा में सामान रखा रहता है।

इन स्लीपर कोच बसों के माध्यम से दुकानदार महानगरों से अपना सामान मंगाते है जिसका ना तो कोई पक्का बिल होता है और ना ही अन्य प्रकार की रशीदें। जिससे स्पष्ट है कि स्लीपर कोच बसों के माध्यम से आने वाले सामान में दुकानदार टैक्स की चोरी करते है। बस चालक और परिचालक यह सामान लाने के एवज में संबंधीजन से लगेज के नाम पर मनमानी राशि लेकर कमाई करते है लेकिन उन्हें बस में यात्रा कर रहे लोगों की जिदंगी से कोई परवाह नहीं रहती है। सिर्फ अपनी कमाई के चक्कर में यह स्लीपर कोच बसों को लगेज बाहन बनाकर रख दिया है। समय रहते यदि जिला प्रशासन और परिवहन विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं देते है, तो वह समय दूर नहीं जब कोई बड़ा हादसा इन स्लीपर कोच बसों के माध्यम से इस भीषण गर्मी मे हो सकता है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत



छतरपुर। बड़ामलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरगत ढाबा के पास शनिवार को हुए सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार राजपुरा निवासी हरि यादव (50) मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में हरि यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें उपचार के लिए बड़ामलहरा अस्पताल पहुंचाया।

डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन नंदलाल यादव ने बताया कि उपचार के दौरान हालत में कोई सुधार नहीं हुआ और जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

# काम के रुपए मांगने पर दुकानदार और परिवार पर जानलेवा हमला, एक दर्जन से अधिक लोगों पर आरोप



छतरपुर। जिले के सटई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भैरा में कूलर-पंखा रिपेयरिंग का काम करने वाले दुकानदार जगदीश कुशवाहा एवं उनके परिवार पर दबंगों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घायल पक्ष ने आरोप लगाया है कि काम के पैसे मांगने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए पूरे परिवार पर कुल्हाड़ी, डंडों और लाठियों से हमला कर दिया। घायल जगदीश कुशवाहा ने बताया कि उनकी गांव में कूलर एवं पंखा रिपेयरिंग की दुकान है। कुछ दिन पहले नरेंद्र सिंह बुंदेला ने उनकी दुकान पर कूलर रिपेयर कराया था। जब नरेंद्र सिंह बुंदेला कूलर लेने पहुंचे तो जगदीश ने अपने मेहनताना के रुपए मांगे। आरोप है कि इसी बात को लेकर नरेंद्र सिंह बुंदेला भड़क गए और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित के अनुसार बाद में नरेंद्र सिंह बुंदेला अपने साथ बिट्टू सिंह बुंदेला, लोकेंद्र सिंह बुंदेला, जंतु सिंह बुंदेला, राहुल सिंह बुंदेला, टिंकू सिंह, सत्तू सिंह, बंटी सिंह, राव साहब, जस्सू सिंह सहित एक दर्जन से अधिक लोगों को लेकर पहुंचे और उनके घर एवं परिवार पर हमला कर दिया। हमले में देवेंद्र कुशवाहा, देवीदीन कुशवाहा, हीरा कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, जगदीश कुशवाहा, लखन कुशवाहा, लक्ष्मीबाई कुशवाहा, रामदेवी कुशवाहा, केशकली कुशवाहा और जसोदा कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों ने बताया कि किसी तरह अपनी जान बचाकर वे सटई थाना पहुंचे, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया गया। फिलहाल सभी का उपचार जारी है। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए।

## बाबा केदारनाथ के लिए 1450 किमी की दंडवत यात्रा पर निकले दो श्रद्धालु



बक्सवाहा। भीषण गर्मी और 45 डिग्री तापमान के बीच आस्था, संकल्प और सामाजिक जागरूकता की अनूठी मिसाल पेश करते हुए बालाघाट निवासी तुलंद मरावी और निर्मल उइके रविवार को दंडवत यात्रा करते हुए बक्सवाहा पहुंचे। दोनों श्रद्धालु बाबा केदारनाथ धाम तक 1450 किलोमीटर लंबी कठिन यात्रा पर निकले हैं। बक्सवाहा पहुंचने पर स्थानीय युवाओं और श्रद्धालुओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत कर हौसला बढ़ाया।

श्रद्धालुओं ने बताया कि अब तक वे 92 दिनों में लगभग 350 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर चुके हैं। उनका कहना है कि यह केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि समाज सेवा और जनजागरण का अभियान भी है। यात्रा के माध्यम से वे गौशाला निर्माण, वृद्धाश्रम स्थापना तथा महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ लोगों को जागरूक करने का संदेश दे रहे हैं।

तुलंद मरावी और निर्मल उइके ने बताया कि वे बाबा केदारनाथ से समाज में सुख, शांति और महिलाओं की सुरक्षा की कामना लेकर यह कठिन दंडवत यात्रा कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने उनकी श्रद्धा, समर्पण और साहस की सराहना करते हुए सफल यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

**विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दी स्वास्थ्य संबंधी सलाह, निशुल्क वितरित की गई दवाइयां**

# आरोग्य भारती के स्वास्थ्य शिविर में 200 गर्भवती महिलाओं का हुआ उपचार



हरपालपुर। समाज सेवा एवं जनस्वास्थ्य के उद्देश्य से आयोजित आरोग्य भारती के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में करीब दो सैकड़ा गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान आवश्यक सावधानियां रखने तथा संतुलित आहार अपनाने की सलाह दी गई।

जानकारी के मुताबिक डॉ विष्णु मिश्रा के भवन में आरोग्य भारती की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर में करीब ढाई सैकड़ा लोगों का पंजीयन किया गया। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. गायत्री नामदेव ने गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच, समय पर टीकाकरण, पौष्टिक भोजन एवं स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के दौरान छोटी-छोटी सावधानियां मां और शिशु दोनों के स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी होती हैं। उन्होंने करीब 200 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की एवं आवश्यक उपचार कर सलाह दी। सभी मरीजों को निशुल्क दवाएं वितरित की गई।

इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर डॉ. विष्णु मिश्रा, आरोग्य भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. सियाराम चौबे एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. हनी मिश्रा ने भी मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।आरोग्य भारती के इस प्रयास की स्थानीय लोगों ने सराहना करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर पर आरोग्य भारती के जिला सचिव एवं एमपी एमआरए के प्रदेश अध्यक्ष विकास चौबे, कुलदीप पांडे, मोहिनी कुशवाहा, कमल अवस्थी, वरिष्ठ पत्रकार संजय त्रिवेदी सहित अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

### डॉ वीणा गुप्ता ने महिलाओं को खान-पान की दी सलाह

शासकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय छतरपुर की प्राध्यापक डॉ वीणा गुप्ता ने गर्भवती महिलाओं को खान-पान की आवश्यक सलाह दी। डॉ. गुप्ता ने महिलाओं को समझाया कि वह मोटे अनाज को भोजन का हिस्सा बनाएं ताकि उनकी आने वाली संतान स्वस्थ रहे। उन्होंने बताया कि मोटे अनाजों में अधिक शक्ति होती है और वह पौष्टिक होते हैं। उन्होंने गर्भवती महिलाओं से नियमित भोजन लेने और रक्त की कमी न होने देने के सुझाव दिए।

# डेढ़ करोड़ की शराब से भरा ट्रक पलटा : कैंड़ी ब्रिज के पास बिखरीं 1300 पेटियां, पुलिस ने घेराबंदी कर माल सुरक्षित कराया



छतरपुर। छतरपुर में देर रात शराब से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। शनिवार देर शाम वीडियो सामने आया है। हादसा ओरछा रोड थाना क्षेत्र के कैडी ब्रिज के पास हुआ, जहां ट्रक पूरी तरह सड़क किनारे उलट गया। ट्रक में करीब 1300 पेटियां शराब लदी थीं, जिनकी कीमत डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के मुताबिक, ट्रक ग्वालियर से रीवा की ओर जा रहा था। बताया जा रहा है कि कैडी ब्रिज के पास पहुंचते ही चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद ट्रक अचानक पलट गया। हादसे के दौरान तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। ट्रक पलटने से शराब की कई पेटियां क्षतिग्रस्त हो गईं, जबकि बड़ी संख्या में पेटियां सड़क किनारे बिखर गईं।

घटना की सूचना मिलते ही ओरछा रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने क्षेत्र को घेराबंदी कर सुरक्षित किया ताकि शराब की पेटियों को नुकसान या चोरी से बचाया जा सके। इसके बाद ट्रक में फंसे ड्राइवर और खलासी को बाहर निकाला गया। दोनों को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया।

### शराब की पेटियां सुरक्षित कराने में जुटी टीम

पुलिस और प्रशासन की टीम देर रात तक शराब की पेटियों को सुरक्षित कराने और ट्रक को हटाने के काम में जुटी रही। हादसे के कारण कुछ देर तक मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। बाद में क्रेन की मदद से ट्रक को सीधा करने की कार्रवाई शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार या वाहन का संतुलन बिगडऩा माना जा रहा है। हालांकि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ट्रक में लदी शराब के दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है।

# 10 साल की पंडिताई की कमाई 10 मिनट में जलकर खाक



छतरपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम गठेवरा में गैस सिलेंडर में आग लगने से एक परिवार की वर्षों की मेहनत कुछ ही मिनटों में राख हो गई। हादसे में लाखों रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। पीड़ित अशोक चौबे ने सिविल लाइन थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है।जानकारी के अनुसार अशोक चौबे किसी वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने महाराजपुर गए हुए थे, जबकि घर पर उनकी माताजी और परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। इसी दौरान अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और परिवार के सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला। साथ ही घर में बंधे गाय-भैंस सहित अन्य जानवरों को भी बचाया गया। हालांकि आग इतनी भीषण थी कि घर में रखा घरेलू सामान पूरी तरह जल गया। पीड़ित परिवार के मुताबिक करीब 7 लाख रुपए नकद भी आग की भेंट चढ़ गए, जिनमें लगभग 3 लाख रुपए उनकी बहन के लिए रखे गए थे।

घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें आग की ऊंची-ऊंची लपटें दिखाई दे रही

# छतरपुर के किसान मोहन लाल ने फूलों की खेती से कमाया बंपर मुनाफा



छतरपुर। आधुनिक तकनीक और सरकारी योजनाओं का सही लाभ उठाकर किसान कैसे अपनी किस्मत बदल सकते हैं, इसकी मिसाल पेश की है छतरपुर विकासखण्ड के ग्राम सरानी के एक प्रगतिशील किसान ने। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में उद्यानिकी विभाग की अनुदान योजना का लाभ उठाकर ग्राम सरानी के कृषक मोहन लाल कुशवाहा पिता प्रभुदयाल कुशवाहा ने अपने शेडनेट हाउस में लीक से हटकर खेती की और महज एक सीजन में बंपर कमाई कर दिखाई है।

### पारंपरिक फसलों के साथ फूलों का डबल डोज

किसान मोहन लाल ने उद्यानिकी विभाग से अनुदान प्राप्त कर अपने खेत में शेडनेट हाउस का निर्माण करवाया था। शुरुआत में उन्होंने इसमें खीरा, टमाटर, मिर्च और बैंगन जैसी सब्जियों का बेहतरीन उत्पादन कर अच्छी आय प्राप्त की। लेकिन उनकी सूझबूझ का असली रंग तब दिखा जब उन्होंने शेडनेट हाउस के खाली बचे हिस्से का भी सही इस्तेमाल करने की सोची।

नवंबर के महीने में मोहन लाल ने शेडनेट हाउस की बची हुई जगह पर 3,000 गेलार्डिया फूलों के पौधे रोपे। इस पूरी प्रक्रिया में उनका लगभग 15 हजार रुपये का खर्च आया। कृषक मोहन लाल कुशवाहा अब फूलों की खेती को और बढ़ाएंगे। उन्होंने बताया कि पौधे लगाने के ठीक दो महीने बाद फूल आने लगे। चूंकि उस समय शादियों का सीजन चल रहा था, इसलिए बाजार में फूलों की डिमांड बहुत ज्यादा थी। मुझे बाजार में 20 से 30 रुपये प्रति किलो का भाव मिला। दो महीने तक लगातार फूलों की तुड़ाई हुई, जिससे कुल 50,000 रुपये की कमाई हुई। सारा खर्चा निकालकर मुझे 35,000 रुपये का शुद्ध मुनाफा मिला है। कम समय और कम लागत में मिले इस शानदार मुनाफे से किसान मोहन लाल के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उद्यानिकी विभाग और प्रशासन के सहयोग से उन्हें यह सफलता मिली है। अब वे भविष्य में फूलों की खेती का रकबा और अधिक बढ़ाने की योजना बना रहे हैं, ताकि उनकी आय में और इजाफा हो सके। प्रशासन का मानना है कि मोहन लाल की यह सफलता क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा बनेगी, जिससे वे पारंपरिक खेती के साथ-साथ उद्यानिकी और फूलों की खेती (फ्लोरीकल्चर) की ओर कदम बढ़ाएंगे।

## खबर संक्षेप

### पुलिस अधीक्षक पदभार ग्रहण करते ही अधिकारी, कर्मचारियों को दिया सख्त संदेश



**मऊगंज**। नवागत पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र जैन ने पदभार ग्रहण करते ही सख्त संदेश दे दिया है। पद संभालने के तुरंत बाद उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम में सभी थाना और चौकी प्रभारियों के साथ बैठक की, जिसमें करीब एक घंटे तक अनुशासन और कार्यप्रणाली पर चर्चा हुई।पुलिस अधीक्षक ने साफ कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों का सम्मान हर हाल में सुनिश्चित किया जाए और सभी पुलिसकर्मी हमेशा वर्दी में रहें। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि किसी भी गंभीर शिकायत मिलने पर थाना प्रभारी खुद मौके पर पहुंचकर जांच करें। इस बैठक को नए पुलिस अधीक्षक के "अनुशासन मॉडल" की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है।

### विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के आवेदन के लिए अंतिम तिथि आज

रीवा । मध्यप्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के लिये 18 मई तक आवेदन निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये गये हैं। इस संबंध में जिला संयोजक जनजातीय कार्य केके पाण्डेय ने बताया कि विदेश में उच्च शिक्षा जैसे शोध उपाधि उपरांत अध्ययन, पी.एच.डी. एवं स्नातकोत्तर करने हेतु चयनित अभ्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। रीवा संभाग के लिए पाँच उम्मीदवारों को इस योजना से विदेश अध्ययन का अवसर दिया जा रहा है। इस योजना के तहत आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी जनजातीय कार्य विभाग की वेबसाइट ट्राइबल डाट एमपी डाट जीओव्ही डाट इन पर उपलब्ध है। योजना अंतर्गत अभ्यर्थियों का चयन वर्तमान प्रचलित योजना नियमों में प्रावधान अनुसार किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए जनजातीय कार्य विभाग की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डाट ट्राइबल डाट एमपी डाट जीओव्ही डाट इन पर अथवा कार्यालय आयुक्त, जनजातीय कार्य, 59, आदि भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल/संभागीय उपायुक्त, जनजातीय कार्य एवं अनु. जाति विकास/सहायक आयुक्त एवं जिला संयोजक जनजातीय कार्य में उपस्थित होकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### शिवपुरवा में किसान रथ ने दिया उन्नत खेती का संदेश

रीवा । मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को "कृषक कल्याण वर्ष" के रूप में मनाया जा रहा है। किसानों को खेती की आधुनिक तकनीक तथा जैविक खेती की जानकारी देने के लिए जिले भर में किसान रथ भ्रमण कर रहा है। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि भ्रमण के क्रम में किसान रथ ने विकासखंड रीवा के ग्राम शिवपुरवा का भ्रमण किया। रथ के माध्यम से कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को खरीफ फसलों में संतुलित उर्वरको के प्रयोग की जानकारी दी। किसान रथ से किसानों को ई-विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग प्रबंधन की जानकारी दी जा रही है।

# जिले में धूमधाम से मनाया गया न्याय के देवता शनिदेव का जन्मोत्सव

## आस्था से सराबोर हुआ बिछिया शनिधाम, हजारों श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

रीवा।

न्याय के देवता कर्म के फलदाता शनिदेव के जन्मोत्सव के मौके पर शनि मंदिर बिछिया में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला सम्मिलित हुए साथ ही हजारों श्रद्धालुओं ने लिया शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। बता दे जिले के बिछिया में स्थित प्रख्यात शनि मंदिर में लगभग 27 सालों से शनि भगवान का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाता है, यह शनि मंदिर रीवा के प्रमुख पवित्र स्थानों में से एक है। शनि जन्मोत्सव में भक्तों ने श्रद्धापूर्वक भगवान शनि की पूजा अर्चना की एवं उनके जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया। भक्तों ने भगवान शनि चालीसा व विशेष भजनों के साथ ही उत्सव का आनंद लिया। इसके अलावा आरती की स्थापना भी की गई जिसमें भक्तों ने उत्साह और आनंद के साथ दीप जलाए। शनि मंदिर में इस जन्मोत्सव को बड़े धूमधाम के साथ मनाने का पारंपरिक तरीका है। हर वर्ष जन्मोत्सव अवसर पर हजारों भक्त इस मंदिर में एकत्रित होते हैं और शनि भगवान के जन्मोत्सव को समर्पित करते हैं। शनिदेव को न्याय का देवता एवं फलदाता के रूम में पूजा जाता है। कार्यक्रम के आयोजक शनि मंदिर के पुजारी डॉ. प्रदोष राजन जी महराज ने सभी भक्तों को साधुवाद देते हुए कहा की भगवान शनिदेव की नियमित रूप से तेल और उपहारों के साथ पूजा की जाती है और शनि भक्त शनिदेव की कृपा एवं



आशीर्वाद के लिए व्रत रखते हैं। इस विशेष दिन पर शनि महाराज की आठ पत्नियों के साथ सिंगर किया जाता है, शनि जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शनिदेव की अपार कृपा से यशोश्री परिवार व शनिभक्तों द्वारा शनि भगवान का शनि तेल अभिषेक पुष्प अभिषेक भस्म गुरु अभिषेक शनि मंत्रउच्चारण की पूर्ण प्रक्रिया के पश्चात भूमि अभिषेक गण पूजन के व नवग्रह पूजन शोडश पूजन चोषढ़ योगिनी पूजन क्षेत्रपाल शनि पूजन भूमि निर्माण शनि स्थान ग्रहण पश्चात आरती पताका अस्व पूजन एवं संगीत



ध्वनि में भंडारा प्रारंभ किया गया। जानकारी के अनुसार, बिछिया थाना क्षेत्र स्थित जिला अस्पताल के पीछे मौजूद यह प्रसिद्ध शनि मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख धार्मिक केंद्र माना जाता है। मंदिर में स्थापित भगवान शनि देव की प्रतिमा महाराष्ट्र के प्रसिद्ध शनि धाम से लगभग 27 वर्ष पूर्व लाई गई थी और तब से यहां नियमित रूप से पूजा-अर्चना होती आ रही है। प्रत्येक वर्ष शनि जयंती के अवसर पर मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। इस दौरान



तेल अर्पण, विशेष पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाता है। मंदिर के पुजारी प्रदोष राजन के अनुसार, यहां श्रद्धा और विश्वास के साथ आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं भगवान शनि देव की कृपा से पूर्ण होती हैं।

### 108 प्रकार के व्यंजनों का लगाया भोग

जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गाय के शुद्ध देसी घी से बने 108 प्रकार के विशेष व्यंजनों का भोग भगवान शनिदेव को अर्पित किया गया। भोग को शास्त्रानुसार विशेष पद्धति से तैयार कर विशेष वेदी पर सजाया गया। इसके बाद इस पवित्र भोग को प्रसाद रूप में भक्तों में वितरित किया गया।

### 14000 लीटर सरसों तेल से हुआ भव्य अभिषेक

जन्मोत्सव पर इस वर्ष 14000 लीटर शुद्ध सरसों के तेल से भगवान शनिदेव का महाभिषेक किया गया। इसके उपरांत शनिदेव को भव्य वस्त्राभूषण गंध-धूप और मालाओं से अलंकृत किया गया। भक्तों के दर्शनार्थ भगवान के पट खोले गए। यह तेल अभिषेक वर्षों से चली आ रही परंपरा है, जिसे कर्म शुद्धि और रोग-निवारण का प्रतीक माना जाता है। इस अभिषेक के बाद उपयोग में लाया गया पवित्र सरसों का तेल प्रसाद के रूप में रीवा सहित आस-पास के जिलों के वृद्धाश्रमों एवं अनाथालयों में वितरित किया जाता है।

### चतुर्थ कुंड में हवन से पूर्ण होती हैं मनोकामनाएं

मंदिर प्रांगण में विशेष रूप से स्थापित चतुर्थ कुंड में वैदिक विधि से हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूर्ण आस्था के साथ आहुति प्रदान की। मान्यता है कि इस पावन कुंड में दी गई आहुति से भक्तों की मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं।

### डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला ने किया विशेष पूजन, प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना

शनि जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित इस विशेष धार्मिक कार्यक्रम में डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला भी सम्मिलित हुए।उन्होंने मंदिर परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान शनि देव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने भगवान शनि देव को तेल अर्पित करते हुए प्रदेश एवं देशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि रीवा क्षेत्र में भगवान शनि देव के प्रति लोगों की गहरी आस्था है और यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु नियमित रूप से पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि यह मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है।उपमुख्यमंत्री ने कहा, रीवा में भगवान शनि देव की विशेष श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा की जाती है। यहां स्थापित शनि देव की प्रतिमा जागृत मानी जाती है। आज हमें यहां पूजा-अर्चना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। भगवान शनि देव की कृपा सभी पर बनी रहे, सभी लोग सुखी और खुशहाल रहें तथा सबका कल्याण हो, यही हमारी प्रार्थना है।

## कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ का प्रथम, त्रैवार्षिक ' प्रादेशिक अधिवेशन केशव मैरिज गार्डन में 19 मई को होगा संपन्न

रीवा

कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ मध्य प्रदेश से सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री रणछोर सिंह द्वारा बताया गया कि कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ मध्य प्रदेश का त्रैवार्षिक प्रादेशिक अधिवेशन 19 मई को केशव मैरिज गार्डन मैदानी रीवा मध्य प्रदेश में संपन्न होगा । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अशोक प्रताप सिंह करेंगे । मुख्य अतिथि के रूप में त्योथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी, मुख्य वक्ता भारतीय मजदूर संघ मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह , विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कृषि एवं ग्रामीण मजदूर महासंघ के महामंत्री बृजेश सिंह, भारतीय मजदूर संघ मध्य प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं प्रभारी कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ हरेन्द्र सिंह चंदेल विभाग प्रमुख रमाशंकर तिवारी जिला मंत्री रीवा विकाश शुक्ला होंगे अधिवेशन कुल 04 सत्रों में सम्पन्न होगा । जिसमे कृषि मजदूर एवं लघु सीमांत किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श उपरांत समस्याओं का मांग पत्र तैयार किया जाएगा । इसके साथ ही समस्याओं से सम्बंधित प्रस्ताव पारित किए जाएंगे । जिसे आगामी समय में प्रदेश एवं केन्द्र सरकार को भेजकर कृषि मजदूरों की समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा ।

### इसी क्रम मे संगठन का निर्वाचन भी संपन्न कराया जाएगा

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के लगभग 40 जिलों से प्रतिनिधियों की उपस्थिति रहेगी भारतीय मजदूर संघ रीवा से सम्बद्ध यूनियनो के पदाधिकारियो के साथ साथ अनुशांगिक एवं मातृ संगठनो , प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के सम्मानित वंधुओ को भी दोपहर मे आमंत्रित किया गया है।

## करोड़ों युवा बेरोजगारों को अपमानित करने वाली शब्दावली से बड़े लोग बाज़ आएं अजय खरे फर्जी डिग्री वाले परजीवी नहीं फ्रॉड हैं, उन पर कार्रवाई होना चाहिए

रीवा

समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि देश में हर साल 2 करोड लोगों को रोजगार देने की घोषणा भी प्रत्येक नागरिक के खाते में 15 लाख रुपए डाले जाने वाली बात की तरह चुनावी जुमला साबित हुई है। वर्तमान दौर में करोड़ों की संख्या में लोग रोजगार की तलाश पर सड़कों पर इधर-उधर भटक रहे हैं ऐसे मौके पर उनके साथ सहानुभूति रखने के बजाय उन पर उनकी स्थिति पर कटाक्ष किया जाना बहुत ओछी सोच है। कभी पढ़े लिखे लोगों को बेरोजगारी दूर करने के लिए पकौड़े की दुकान खोलने की बात कही जाती है तो कभी मीडिया , सोशल मीडिया, वकालत और आरटीआई क्षेत्र में काम कर रहे लोगों की आवाज को दबाने के लिए उन्हें कॉकरोच कहकर अपमानित किया जाता है। श्री खरे ने कहा कि यदि फर्जी की डिग्री के लोग कहीं भी हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए लेकिन इन क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों के बारे में बेवजह ऊल-जलूल टिप्पणी से बाज़ आना चाहिए। आज बहुत सारे नौजवानों को उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार नहीं मिलने की वजह से उन्हें मजबूरी में दूसरा व्यवसाय चुनना पड़ा है। कोई जरूरी नहीं है कि हर व्यक्ति सरकार के कामकाज और उसके तौर तरीके से सहमत हो। ऐसी स्थिति में उनका उपहास उड़ाया जाना कदापि उचित नहीं है। श्री खरे ने कहा कि राजनैतिक क्षेत्र में भाषा की मर्यादा काफी तेजी से गिरी है। इधर देखने को मिल रहा है कि न्यायपालिका और प्रशासनिक क्षेत्र में भी बहुत ही घटिया भाषा का इस्तेमाल होने लगा है। काकरोच वाले बयान को लेकर जो भी सफाई दी जाए लेकिन यह शब्दावली बहुत आपत्तिजनक है। यह नई पीढ़ी को हतोत्साहित करने वाला बहुत ही ओछे किस्म की मनोवृत्ति का परिचायक है जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। इधर सफाई में कहा जा रहा है कि मैं युवाओं पर गर्व करता हूं और बताया जा रहा है कि फर्जी डिग्री वालों को परजीवी कहा था। सवाल यह है कि अभी तक कितने फर्जी डिग्री वालों पर कार्रवाई की गई है। पहले ऐसा साफ-साफ क्यों नहीं कहा ? आखिरकार किस दबाव के चलते फर्जी डिग्री वालों को पकड़ा नहीं जा रहा ? फर्जी डिग्री वालों के मामले को सार्वजनिक करने में कोताही क्यों बरती जा रही है? जबकि फर्जी डिग्री का मामला अपने आप में गंभीर अपराध है। फर्जी डिग्री से नौकरी पाने वाले व्यक्ति को केवल नौकरी से नहीं निकाला जाता बल्कि उसे जेल भी जाना पड़ता है। हालांकि राजनीतिक पदों में डिग्री योग्यता नहीं है। लेकिन फर्जी डिग्री होने पर ऐसे पदों पर बैठे लोगों को भी जेल में होना चाहिए। ऐसी स्थिति में पद से इस्तीफा देना होगा। फर्जी डिग्री वालों को परजीवी नहीं बल्कि फ्रॉड कहा जाना चाहिए। सरकार की गलत नीतियों के चलते देश में बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। उस समस्या का निराकरण करने की जगह बेरोजगारों को कॉकरोच कहकर उन्हें कीड़े मकोड़े की तरह समझना बहुत ग़लत है। करोड़ों बेरोजगारों को अपमानित करने वाली करने वाली शब्दावली से बड़े लोगों को बाज़ आना चाहिए।

## फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए 19 मई को लगेंगे विशेष शिविर

रीवा ।

शासन के निर्देशों के अनुसार किसानों के सभी खसरा नम्बर एग्रीस्टेक पोर्टल पर दर्ज करके किसानों की फार्मर आईडी बनाई जा रही है। इसके आधार पर ही किसानों को किसान सम्मान निधि का भुगतान किया जा रहा है। रीवा जिले में किसानों की फार्मर आईडी बनाने के लिए 20 मई तक ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों के आयोजन के लिए तहसीलवार स्थल और तिथियाँ निर्धारित कर दी गई हैं। इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा है कि सभी एसडीएम निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिविरों का आयोजन कराएं। शिविरों के लिए जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक तथा पटवारी शिविर में उपस्थित रहकर किसानों के समस्त खसरे को फार्मर आईडी से लिंक कराएं। सभी छूटे हुए किसान अपने आधार कार्ड, खसरा और खतौनी की प्रति, मोबाइल नम्बर तथा समग्र आईडी के साथ शिविर में शामिल होकर छूटे हुए खसरा नम्बर आईडी से लिंक करा लें।

19 मई को यहाँ लगेंगे शिविर फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए 19 मई को तहसील सिरमौर में डिहिया, माड़ौ, हर्दीकला, हर्दीखुर्द निबुहा, सौर, हटवा, लोटनी, सेंदहा तथा हिनौती में शिविर लगेंगे। तहसील जवा में लोहगढ़, बौसड़, हरदोली, गहिलवार, कल्याणपुर, खम्हरिया, तेंदुनी, परिहारिन पुरवा, बसरेही, किरहाई, खम्हरिया, पतेरी, झलवा, बेलगवां, भुनगांव, अकौरी, चांदी, बराह, केचुआ तथा पैरा में शिविर लगेंगे। तहसील मनगवां बुसौल, सर, घोपी, कटहा, धवैया, कठेरी, सूरा, आलमगंज, बेलवा पैकान, पलिया नम्बर दो, सिलपरी, रघुराजगढ़ तथा अमवा में शिविर लगेंगे। तहसील हुजूर ग्रामीण में अमिलकी, सहिजना, धोबखरा, शुकुलगवां, डिहिया, छिरहटा, सकरवट, रौरा, हर्दीशंकर, नैकिन तथा बजरंगपुर में शिविर लगेंगे। हुजूर नगर तहसील में भटलो, कोठी, खौर, जोरी लोही तथा लक्ष्मणपुर में शिविर लगेंगे। इन शिविरों में पटवारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा कृषि विस्तार अधिकारियों को किसानों की फार्मर आईडी बनाने के लिए तैनात किया गया है।

## राजकीय सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन हुए अग्निवीर शिवम सिंह छुट्टी पर घर आए जवान की सड़क हादसे के बाद इलाज के दौरान मौत

**रीवा**। देश सेवा का सपना लेकर भारतीय सेना में शामिल हुए रीवा जिले के एक युवा अग्निवीर की असमय मौत ने पूरे क्षेत्र को गहरे शोक में डुबो दिया। चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत नौवस्ता चौकी के ग्राम पंचायत छिजवार निवासी भारतीय सेना के अग्निवीर जवान शिवम सिंह (22 वर्ष) का सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद इलाज के दौरान निधन हो गया। जहां शनिवार की रात्रि उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचा, जहां हजारों लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। सेना के जवानों ने पूरे राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद छोटे भाई ने मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया और देश का यह वीर सपूत पंचतत्व में विलीन हो गया। जानकारी के अनुसार, शिवम सिंह पिता रामबहोर सिंह करीब दो वर्ष पूर्व भारतीय सेना की अग्निवीर योजना के तहत चयनित हुए थे। वर्तमान में वे चंडीगढ़ में अपनी सेवाएं दे रहे थे। कम उम्र में देश



सेवा का जज्बा लेकर सेना में भर्ती हुए शिवम अपने अनुशासित स्वभाव, व्यवहार और कर्तव्यनिष्ठा के कारण गांव में अलग पहचान रखते थे। परिवार को उन पर गर्व था और गांव के युवाओं के लिए वे प्रेरणा बने हुए थे। बताया गया कि बीते दिनों शिवम सिंह छुट्टी लेकर अपने गांव छिजवार आए हुए थे। इसी दौरान 11 मई को वे सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए, जिसमें उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद परिजन और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल रीवा स्थित विंध्य अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए आर्मी हॉस्पिटल प्रयागराज रेफर कर दिया। परिजन लगातार उनके स्वस्थ होने की उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन उपचार के दौरान उनकी हालत बिगड़ती गई और आखिरकार उन्होंने जिंदगी की जंग हार दी। जैसे ही शिवम सिंह के निधन की सूचना उनके पैतृक गांव छिजवार पहुंची, पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को रात्रि में जब अग्निवीर जवान शिवम सिंह का पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटकर गांव पहुंचा, तो अंतिम दर्शन के लिए हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके बाद रविवार को जबलपुर से पहुंचे सेना के जवानों ने पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम यात्रा निकाली और श्मशान घाट पर सेना की टुकड़ी ने राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

## जिला चिकित्सालय में मनाया गया डेंगू नियंत्रण दिवस

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने दी डेंगू से बचाव की सलाह**



**रीवा**। डेंगू मच्छर जनित बीमारी है। डेंगू से बचाव के लिए गत दिवस जिला चिकित्सालय में डेंगू नियंत्रण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने कहा कि छोटी-छोटी सावधानी बरतकर डेंगू से बचाव किया जा सकता है। डेंगू रोग एडीज प्रजाति के मच्छर के काटने से होती है। यह मच्छर साफ पानी में प्रजनन करता है। कूलर, पुराने टायर, पानी की टंकियां, पालीथिन, खुले में रखे अनुपयोगी बर्तन, गमले, मटके आदि में डेंगू के मच्छर पनपते हैं। इससे बचाव के लिए घरों के आसपास पानी जमा न होने दें। पुराने बर्तनों, टायरों, गमलों आदि में भी पानी का संग्रहण न होने दें। मटके, पानी की टंकियों आदि की नियमित साफ-सफाई करते रहें। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। यदि बुखार आता है तो खून की जाँच कराकर डॉक्टर की सलाह के अनुसार उचित उपचार कराएं। स्वास्थ्य विभाग रीवा शहर में नगर निगम के सहयोग से घरों और कार्यालयों में लगातार निरीक्षण करके कूलर तथा अनुपयोगी बर्तनों में जमा पानी की जाँच कर रहा है। किसी भी स्थान पर डेंगू मच्छर के लार्वा पाए जाने पर जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। कार्यक्रम में डॉ. केबी गौतम तथा स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम मुरारी कुमार ने डेंगू के बचाव के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने डेंगू जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर भ्रमण के लिए रवाना किया।

# चरैया में गौ सेवा एवं सम्मान कार्यक्रम संपन्न

**मऊगंज**। जिले की ग्राम पंचायत चरैया में विगत दिनों गौ माता पर हुए धारदार हथियार से जानलेवा हमले के बाद ग्रामवासियों एवं गौ सेवकों के संयुक्त प्रयास से गौ माता का सफल उपचार कराया गया। घटना की जानकारी कुलदीप द्विवेदी द्वारा ग्राम पंचायत चरैया के व्हाट्सएप ग्रुप में साझा की गई थी, जिसके बाद तत्काल संज्ञान लेते हुए डॉक्टर श्याम बली जायसवाल को घटनास्थल पर भेजकर उपचार



प्रारंभ कराया गया।इसके पश्चात गौ सेवक साथियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गौ माता को रीवा रेफर कराया, जहां सफल ऑपरेशन के बाद गौ माता अब सुरक्षित एवं स्वस्थ हैं।इस पुण्य कार्य में सहयोग करने वाले वरिष्ठजनों एवं युवा साथियों के सम्मान हेतु ग्राम पंचायत चरैया में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों ने गौ सेवा के इस कार्य की सराहना करते हुए एकजुटता का संदेश दिया।कार्यक्रम में राज किशोर द्विवेदी संतोष द्विवेदी पूर्व सैनिक रामलाल द्विवेदी राजलाल द्विवेदी रामानुज द्विवेदी प्रभात शंकर द्विवेदी ओमप्रकाश द्विवेदी विष्णु पांडे रामसखा द्विवेदी रोहिणी प्रसाद सोंधिया एवं मुन्ना लाल पाल सहित अनेक वरिष्ठजन उपस्थित रहे। साथ ही फोन के माध्यम से निगरानी एवं सहयोग प्रदान करने वाले दिनांकर द्विवेदी (दीनू)कुलदीप द्विवेदी, हैप्पी द्विवेदी मृगेंद्र द्विवेदी अखिलेश्वर द्विवेदी रमेश जायसवाल एवं संजय साकेत का भी विशेष योगदान रहा।वही युवा टीम के गौभक्त दीपक तिवारी, जयप्रकाश द्विवेदी, आशुतोष तिवारी, रमेश पाल विनोद पाल राहुल पाल गोलू द्विवेदी उमेश पाल सुनील पाल बलदेव पाल राजेंद्र पाल बिहारी लाल जायसवाल चौधरी पाल कैलाश सोंधिया संध्या सोंधिया रामलला तिवारी सौरव मिश्रा अंकित साकेत एवं वेंकट प्रसाद सोंधिया की सक्रिय सहभागिता रही।कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों वरिष्ठजनों एवं युवा साथियों का आभार व्यक्त करते हुए समाज में गौ सेवा, एकता एवं सहयोग की भावना को और मजबूत करने का संकल्प लिया गया। साथ ही, समाजसेवी अखिलेश पाण्डेय रहना ने 27 जुलाई 2026 को गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए जिला मुख्यालय मऊगंज में उपस्थित होकर ज्ञापन सौंपने हेतु समस्त गौभक्त को अनुरोध किया।

## किशोरी के गर्भवती होने पर खुला दुष्कर्म का मामला

## मामला दर्ज होने के बाद फरार आरोपी सतना से गिरफ्तार

**रीवा**। रीवा जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र में एक किशोरी के गर्भवती होने के बाद दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना का खुलासा उस समय हुआ जब पीड़िता किशोरी ने 2 मार्च को रायपुर कर्चुलियान थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में पीड़िता ने बताया कि क्षेत्र निवासी आशीष प्रजापति (25) ने उसे जान से मारने की धमकी देकर कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी लगातार उसे भयभीत करता रहा और किसी को भी घटना की जानकारी देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देता था।पीड़िता ने शिकायत में यह भी बताया कि आरोपी के लगातार शोषण के कारण वह गर्भवती हो गई। गर्भवती होने के बाद जब उसने आरोपी से संपर्क किया तो आरोपी ने उससे दूरी बनाना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं, मामले को छिपाने के लिए वह पीड़िता पर दबाव बनाने और धमकी देने लगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पीड़िता



की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। इसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी, लेकिन आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार हो गया था। थाना प्रभारी राजकुमार तिवारी ने बताया कि आरोपी की तलाश के लिए पुलिस लगातार पतासाजी कर रही थी। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सतना में दबिश देकर आरोपी आशीष कुमार प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से न्यायालय ने उसे जेल भेजने के आदेश दिए।